# संचय
# SANCHAYA

रा ब सं
जनसेवा में 50 वर्षों से अधिक
**NSI**
*Over 50 Years in Service of People*

मासिक प्रकाशन | Monthly Publication

दिसम्बर 2007 (अंक 175) | December 2007 (Issue 175)




संसदीय राजभाषा समिति की उपसमिति ने लखनऊ में 27 दिसम्बर 2007 को राष्ट्रीय बचत संस्थान क्षेत्रीय केन्द्र लखनऊ का निरीक्षण किया। इस अवसर पर माननीय प्रो. रामदेव भंडारी, उपाध्यक्ष संसदीय राजभाषा समिति की उपसमिति एवं संसद सदस्य (राज्यसभा) का श्री अनिल भट्टाचार्य, निदेशक एवं विभागाध्यक्ष, राष्ट्रीय बचत संस्थान स्वागत करते हुये। श्रीमती पूनम जुनेजा, सचिव, राजभाषा संसदीय समिति भी दिखाई दे रही है।

## संसदीय राजभाषा समिति की तीसरी उप समिति ने राष्ट्रीय बचत संस्थान क्षेत्रीय केन्द्र लखनऊ का निरीक्षण किया

संसदीय राजभाषा समिति की तीसरी उपसमिति ने राष्ट्रीय बचत संस्थान के क्षेत्रीय केन्द्र लखनऊ का 27 दिसम्बर 2007 को निरीक्षण कर राजभाषा हिन्दी में किये जा रहे कार्यों की जानकारी प्राप्त की। माननीय प्रो. रामदेव भंडारी उपाध्यक्ष संसद सदस्य (राज्यसभा) समिति के उपाध्यक्ष थे। श्री अनिल बसु, माननीय संसद सदस्य (लोकसभा) डा. रामकृष्ण कुसुमारिया, माननीय संसद सदस्य (लोकसभा), डा. सत्यनारायण जटिया, माननीय संसद सदस्य (लोकसभा) समिति के अन्य सदस्य थे। राष्ट्रीय बचत संस्थान के निदेशक एवं विभागाध्यक्ष श्री अनिल भट्टाचार्य ने समिति के माननीय सदस्यों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया तथा राष्ट्रीय बचत संस्थान द्वारा संघीय राजभाषा नीति के कार्यान्वयन के संबंध में किये गये कार्यों तथा आगामी योजनाओं का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया। श्रीमती पूनम जुनेजा, सचिव, संसदीय राजभाषा समिति, श्री राम निवास शुक्ल, अवर सचिव, श्री एस. के. त्रिपाठी संयुक्त निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान (मुख्यालय) एवं प्रभारी राजभाषा, श्री अमरनाथ, निदेशक राजभाषा, वित्त मंत्रालय (आ.का.वि.) नई दिल्ली, श्री. ए. के. चौहान, क्षेत्रीय निदेशक (वरिष्ठ) एन एस आय लखनऊ केन्द्र, तथा श्री जे.पी. सिंह, हिन्दी अधिकारी, राष्ट्रीय बचत संस्थान (मुख्यालय) बैठक में उपस्थित थे।

समिति के माननीय सदस्यों ने राष्ट्रीय बचत संस्थान के पुनर्गठन के उपरान्त कर्मचारियों व अधिकारियों की संख्या कम होने पर राजभाषा हिन्दी के कार्यान्वयन में किये गये प्रयासों की सराहना की तथा राष्ट्रीय बचत संस्थान के अधिकारियों से दिन प्रतिदिन के कार्यों में अधिकतम कार्य हिन्दी में करने का अनुरोध किया।


राष्ट्रीय बचत संस्थान
NATIONAL SAVINGS INSTITUTE

http://nsiindia.gov.in.

राष्ट्रीय बचत संस्थान, सी.जी.ओ. कॉम्पलेक्स, सेमिनरी हिल्स, नागपुर National Savings Institute, CGO Complex, Seminary Hills, Nagpur




श्रीमती मीनाक्षी सेठ, आय ओ एफ एस, प्रधान निदेशक, एन.ए.डी.पी. नागपुर, राष्ट्रीय बचत संस्थान के क्षेत्रीय निदेशकों के लिये नागपुर में 6–7 दिसम्बर 2007 के दौरान आयोजित कार्यशाला का परंपरागत दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन करते हुये दिखाई दे रही है। श्री अनिल भट्टाचार्य, निदेशक एवं विभागाध्यक्ष और राष्ट्रीय बचत संस्थान के अन्य अधिकारी भी दिखाई दे रहे है।

## राष्ट्रीय बचत संस्थान ने क्षेत्रीय निदेशकों के लिये 6–7 दिसम्बर को कार्यशाला का आयोजन

राष्ट्रीय बचत संस्थान ने संपूर्ण देश के क्षेत्रीय निदेशकों के लिये ''ग्रामीण भारत में दस लाख खाते खोलने के प्रति संवेदनशीलता विकसित करने हेतु'' कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला का उद्घाटन श्रीमती मीनाक्षी सेठ, प्रमुख निदेशक, राष्ट्रीय रक्षा उत्पादन अकादमी के कर कमलों द्वारा किया गया।

श्रीमती सेठ ने अपने उद्घाटन भाषण में बचत के महत्त्व पर प्रकाश डाला और कहा कि किसी भी देश की समृद्धि उस देश के लोगों की समृद्धि पर निर्भर करती है। श्री अनिल भट्टाचार्य, निदेशक एवं विभागाध्यक्ष ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि बचत की आदत की कमी ही ग्रामीण जनता की वित्तीय समस्या का परिणाम है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय बचत संस्थान ने मार्च 2011 तक ग्रामीण क्षेत्रों में दस लाख खाते खोलने का महत्त्वाकांक्षी लक्ष्य निश्चित किया है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में राष्ट्रीय बचत संस्थान द्वारा वित्तीय साक्षरता विकसित करने के प्रयत्न सार्थक हो सकें। श्री शिव किशोर त्रिपाठी, संयुक्त निदेशक मुख्यालय ने इस कार्यशाला के उद्देश्य एवं महत्त्व पर प्रकाश डाला। संयुक्त निदेशक तथा क्षेत्रीय निदेशकों ने कार्यशाला में अपने पेपर प्रस्तुत किए तथा मार्च 2008 तक 1,50,000 खाते खोलने के लक्ष्य प्राप्ति हेतु अपनाई जाने वाली नीतियों के संबंध में चर्चा की। श्री डी. के. घाटे, क्षेत्रीय निदेशक (मुख्यालय) ने कार्यशाला के आयोजन में समन्वय किया।




राष्ट्रीय बचत संस्थान क्षेत्रीय केन्द्र चंडीगढ़ द्वारा आयोजित एम.पी.के.बी.वाय. अभिकर्ता के प्रशिक्षण कार्यक्रम में श्री राजिंदर कटारिया आय ए एस, उप आयुक्त, पंचकुला हरियाणा, अभिकर्ताओं को संबोधित करते हुये। (बायें से दायें) श्री के. के. शर्मा, सहायक निदेशक, श्री राजीव सागर, क्षेत्रीय निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान, चंडीगढ़ और श्री योगेशकुमार, सिटी मॅजिस्ट्रेट भी दिखाई दे रहे हैं।



महामहिम लेफ्टीनेंट जनरल (सेवा निवृत्त) श्री अजय सिंह, राज्यपाल आसाम सरकार, श्री अनिल भट्टाचार्य, निदेशक एवं विभागाध्यक्ष से उनके उत्तर-पूर्वी राज्यों के दौरे के दौरान राष्ट्रीय बचत संस्थान की गृह पत्रिका ''संचय'' प्राप्त करते हुये दिखाई दे रहे है। साथ ही (बायें से दायें) श्री नासिर सज्जाद क्षेत्रीय निदेशक (वरिष्ठ) क्षेत्रीय केन्द्र गुवाहाटी, श्री आर.एन. मुखर्जी, क्षेत्रीय निदेशक और श्री. के.के. प्रधान, सहायक निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान भी दिखाई दे रहे है।

## निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान ने उत्तर-पूर्वी राज्यों में अल्प बचत संग्रहण की समीक्षा की

श्री अनिल भट्टाचार्य, निदेशक एवं विभागाध्यक्ष ने 18 से 20 दिसम्बर 2007 के दौरान उत्तर-पूर्वी राज्यों आसाम व मेघालय का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान उन्होंने महामहिम राज्यपाल जनरल (सेवा निवृत्त) अजय सिंह, श्री अजित सिंह, संसदीय सचिव, आसाम सरकार, श्री एच.एस. दास, आय.ए.एस., प्रधान वित्त सचिव, आसाम सरकार, श्री मंजीत कुमार, चीफ पोस्टमास्टर जनरल, आसाम सर्किल, श्री दिलीप बोरठाकुर, निदेशक अल्प बचत और डाक विभाग तथा वित्त मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों से वार्ता की। बैठक के दौरान निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान ने वर्ष 2007-08 के लिये राज्यों के लिये निर्धारित लक्ष्य और संसाधनों को एकत्रित करने के लिये अपनाई जानेवाली नीतियों की चर्चा की। उन्होंने वर्ष 2007-08 के दौरान राष्ट्रीय बचत संस्थान के द्वारा एक लाख पचास हजार नये खाते के खोलने के महत्वाकाँक्षी लक्ष्य का भी उल्लेख किया और उपस्थित समस्त अधिकारियों से अनुरोध किया कि वे इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिये सहयोग दे।

अपने शिलांग (मेघालय) भ्रमण के दौरान निदेशक राष्ट्रीय बचत संस्थान श्री बी.के. देववर्मा, आय.ए.एस., प्रधान वित्त सचिव, मेघालय सरकार, श्रीमती एम. लाफेन्यू आय.पी.एस., पोस्टमास्टर जनरल एन.ई. सर्किल, मि. थेन्केव, निदेशक, अल्प बचत मेघालय सरकार से मिले और राज्य में संसाधनों के एकत्रीकरण एवं नये खातों को खोलने के संबंध में चर्चा की। निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान, डाक विभाग के अधिकारियों से मिले तथा उनसे निवेशकों एवं अभिकर्ता की समस्याओं के बारे में चर्चा किया व डाक विभाग द्वारा अच्छी सेवा प्रदान करने पर बल दिया।




श्री अनिल भट्टाचार्य, निदेशक एवं विभागाध्यक्ष 20 दिसम्बर 2007 को शिलांग में राज्यस्तरीय बैठक में मेघालय राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में बचत संसाधनों के एकत्रिकरण हेतु अपनाई जानेवाली नीतियों पर प्रकाश डालते हुये। साथ ही (बाये से दाये) श्री नासिर सज्जाद क्षेत्रीय निदेशक (वरिष्ठ) राष्ट्रीय बचत संस्थान गुवाहाटी केन्द्र, श्री बी.के. देववर्मा, आई.ए.एस., प्रधानज सचिव (वित्त) मेघालय सरकार और श्रीमती एम. लाफेन्यू, आई.पी.एस., पोस्ट मास्टर जनरल एन.ई. सर्किल भी दिखाई दे रहे है।

# अप्रैल से अक्तूबर 2007 के लिए अल्प बचत संग्रहण

*(करोड रुपये)*

| क्र. सं. | क्षेत्र / राज्य | सकल | शुद्ध | सकल | शुद्ध |
|---|---|---|---|---|---|
| | | अक्तूबर 2006 तक | | अक्तूबर 2007 तक | |
| 1. | आंध्र प्रदेश | 5583.10 | 1721.43 | 5088.98 | -263.95 |
| 2. | अरूणाचल प्रदेश | 43.18 | 17.10 | 48.45 | 14.26 |
| 3. | असम | 920.23 | -301.85 | 889.00 | -380.21 |
| 4. | अंदमान निकोबार द्वीप | 11.76 | 5.22 | 13.45 | 1.52 |
| 5. | आर्मी पोस्ट ऑफीसेस | 148.92 | -152.71 | 150.96 | -48.65 |
| 6. | बिहार | 2982.93 | 1056.52 | 3062.22 | 448.20 |
| 7. | झारखंड | 1475.10 | 685.36 | 999.30 | -15.93 |
| 8. | चंडीगढ | 237.70 | -23.10 | 193.48 | -114.27 |
| 9. | दमण एवं दीव | 202.63 | 80.11 | 243.79 | -124.74 |
| 10. | दिल्ली | 3813.08 | 1314.93 | 2420.04 | -934.31 |
| 11. | गोवा | 361.41 | 217.23 | 186.99 | -1.46 |
| 12. | गुजरात | 7914.69 | 2396.20 | 6555.33 | -1088.83 |
| 13. | हरियाणा | 2750.63 | 590.12 | 2466.09 | -317.42 |
| 14. | हिमाचल प्रदेश | 1339.13 | 378.86 | 1321.71 | 28.91 |
| 15. | जम्मू व कश्मीर | 847.28 | 236.71 | 866.90 | -64.29 |
| 16. | कर्नाटक | 3989.28 | 874.49 | 2826.79 | -681.96 |
| 17. | केरल | 2818.45 | 798.76 | 2236.19 | -300.25 |
| 18. | लक्षद्वीप | 1.32 | 0.91 | 0.89 | -0.02 |
| 19. | मध्य प्रदेश | 2552.32 | 826.65 | 2201.31 | -297.84 |
| 20. | छत्तीसगढ | 845.60 | 315.43 | 758.16 | -23.78 |
| 21. | महाराष्ट्र | 9210.17 | 2770.43 | 6927.34 | -1200.11 |
| 22. | मणिपुर | 53.55 | 8.96 | 38.40 | -10.47 |
| 23. | मेघालय | 95.25 | 4.39 | 87.47 | -2.46 |
| 24. | मिझोरम | 50.31 | 1.97 | 43.95 | -6.14 |
| 25. | नागालैंड | 23.26 | 8.62 | 18.89 | -4.45 |
| 26. | उडीसा | 1534.48 | 524.82 | 1401.10 | 42.32 |
| 27. | पांडीचेरी | 75.11 | 12.44 | 54.20 | -24.75 |
| 28. | पंजाब | 5025.50 | 1048.51 | 4596.07 | -590.70 |
| 29. | राजस्थान | 3953.76 | 663.44 | 3761.63 | -952.10 |
| 30. | सिक्कीम | 20.30 | 1.31 | 27.57 | -11.69 |
| 31. | तमिलनाडू | 5903.32 | 1750.73 | 4405.48 | -641.41 |
| 32. | त्रिपूरा | 234.40 | 79.77 | 209.43 | -12.81 |
| 33. | उत्तर प्रदेश | 8574.23 | 2602.87 | 8462.94 | 117.71 |
| 34. | उत्तरांचल | 1211.03 | 366.48 | 1175.50 | 66.80 |
| 35. | पश्चिम बंगाल | 10457.49 | 4133.05 | 8573.91 | -146.31 |
| | कुल | **85260.90** | **25016.16** | **72313.90** | **-7541.61** |

टिप्पणी : डाक विभाग नई दिल्ली से प्राप्त प्रारंभिक आंकडे सामन्जस्य अधीन है । इन आंकडों में पी.पी.एफ. एवं एस सी एस एस (बैंक) संग्रह शामिल नहीं हैं ।

SHIVRAJ (D.G.P.S.) NAGPUR